राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–नोट

दिनांक–21.08.2020

आरएएस परीक्षा, 2018 के दिनांक 09.07.2020 को घोषित मुख्य परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण अभ्यर्थी निम्नांकित दिशा–निर्देशों की पालना करना आवश्यक रूप से सुनिश्चित करें :–

1. **ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम** :– उक्त परीक्षा के अन्तर्गत नॉन–टीएसपी पदों का वर्गवार चार्ट दिनांक 01.07.2020 को तथा टीएसपी पदों हेतु दिनांक 04.05.2018 को विज्ञापन आयोग की वेबसाईट पर जारी किया गया है। मुख्य परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट **https://rpsc.rajasthan.gov.in**पर उपलब्ध लिंक पर जाकर अथवा SSO पोर्टल**https://sso.rajasthan.gov.in** पर लॉगिन कर तथा रिक्रूटमेंट पोर्टल के अंतर्गत Detailed Form cum Scrutiny लिंक को क्लिक कर विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम **ऑनलाईन** भरें। **ऑफलाईन भरे गये विस्तृत आवेदन पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम स्वीकार नही किये जावेगें।**

   1.1. **विस्तृत आवेदन पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम आनलाईन भरने के लिए उक्त लिंक दिनांक 24.08.2020 (समय 00.00 ए.एम) से 07.09.2020 (रात्रि 12.00) तक खुला है इसके पश्चात्त कोई अवसर देय नही होगा।**

   1.2. जिन अभ्यर्थियों ने केवल नॉन–टीएसपी विज्ञापन दिनांक 02.04.2018 के तहत आवेदन किया है, वे अभ्यर्थी केवल नॉन टीएसपी के प्राथमिकता क्रम भरें तथा जिन अभ्यर्थियों ने केवल टीएसपी विज्ञापन दिनांक 04.05.2018 के तहत आवेदन किया है, वे अभ्यर्थी केवल टीएसपी के सेवा प्राथमिकता क्रम भरे।

   1.3. जिन अभ्यर्थियों ने दोनों विज्ञापनों के तहत आवेदन किया है, वे अभ्यर्थी नॉन–टीएसपी और टीएसपी(दोनों) केसेवा प्राथमिकता क्रम भरें।

   1.4. जिन अभ्यर्थियों ने नॉन–टीएसपी विज्ञापन के तहत एनजीई श्रेणी में भी आवेदन किया है, वे अभ्यर्थी एनजीई श्रेणी के भी सेवा प्राथमिकता क्रम भरें।

   1.5. सेवा प्राथमिकता क्रम केवल ऑनलाईन ही भरे जाने है। अभ्यर्थी सेवा प्राथमिकता क्रम को सबमिट करने से पूर्व भरी गई सेवा प्राथमिकताओं का ध्यानपूर्वक अवलोकन कर लें। सबमिट करने के उपरान्त कोई संशोधन स्वीकार्य नही होगा।

2. केवल उत्कृष्ट खिलाडी (SP), भूतपूर्व सैनिक (EX) और विभागीय कर्मचारी (DC) श्रेणी के अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम आनलाईन भरे जाने के उपरान्त दिनांक **14.09.2020** तक अपने विस्तृत आवेदन पत्रमय सेवा प्राथमिकता क्रम (दो प्रतियों में)एवं आवश्यक दस्तावेजों के आयोग कार्यालय में डाक द्वारा अथवा व्यक्तिशः आवश्यक रूप से जमा करावें। **शेष सभी अभ्यर्थी ऑनलाईन भरे गये विस्तृत आवेदन पत्र मय सेवा प्राथमिकता क्रम एवं आवश्यक दस्तावेजो के साक्षात्कार के समय साथ लावें।**

3. सेवा प्राथमिकता क्रम और विस्तृत आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने के उपरान्त ही साक्षात्कार में प्रवेश दिया जावेगा।

(शुभम् चौधरी)
सचिव